कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा

कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ,
कोई भी जमाने में हम दर्द है हम किसे जाके मन की सुनाये कहाँ,
कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ...

यु तो कहने को कितने ही रिश्ते यहाँ पर सगा माँ के जैसा कोई नहीं,
हर कोई आज माँ मतलबी हो गया साथ जग में निभाता है कोई नहीं,
हाथो में है नमक माँ सभी के यहाँ जख्म अपने बता दे दिखाए कहाँ,
कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ....

ना सहारा रहा बेसहारा हूँ मैं हाथ मेरा पकड़ लो मैं गिर जाऊंगा,
माँ अगर अब ना तुमने संभाला मैं गमो के अंधेरो में घिर जाऊंगा,
हसने वाले है हमारे सारे यहाँ अपने दिल की माँ जाके बताये कहाँ,
कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ...

जिंदगी में बहुत सी है की गलतिया तू तो माँ है मेरी माँ खता माफ़ कर,
तू तो करुणामयी है तू ममतामयी माफ़ करके मेरी हर खता माफ़ कर,
हमने देखा नहीं है कोई और दर जाके हम अपने आंसू बहाये कहाँ,
कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ,
कोई भी जमाने में हम दर्द है हम किसे जाके मन की सुनाये कहाँ,
कौन है माँ हमारा तुम्हारे सिवा तू बतादे हमे और जाए कहाँ...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26680/title/kaun-hai-maa-humara-tumhare-siwa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |